भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सम्बोधन

दिली, अगस्त 10, 2024

मैं भारत सरकार और भारत के लोगों की ओर से, आपको हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। मैं इस खूबसूरत देश, तिमोर-लेस्ट में आप सभी भारतीय साथियों से मिलकर बहुत खुश हूं। मैं तिमोर-लेस्ट की सरकार और यहां के लोगों को मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए धन्यवाद देती हूं।

मेरे साथ हमारे राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन, और संसद सदस्य श्री सौमित्र खान और श्री जुगल किशोर हैं इससे पहले हमारे साथ जुड़ने और मेरे साथ विशेष बातचीत करने के लिए मैं राष्ट्रपति होर्ता की भी आभारी हूं। यह भारत और भारतीयों के प्रति उनके गहरे स्नेह की अभिव्यक्ति है, और ये भावना हमारे दिल में भी है।

भाइयों और बहनों,

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत, तिमोर-लेस्ट के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। दोनों देशों के बीच मधुर एवं सौहार्दपूर्ण संबंध, लोकतंत्र और बहुलता के साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

तिमोर-लेस्ट एक ऐसा देश है, जो हाल ही में स्वतंत्र हुआ है और जिसकी आबादी युवा और महत्वाकांक्षी है। इस देश की कई प्राथमिकताएं और चुनौतियां हमारे जैसी ही हैं। हम प्रगति और विकास की हमारी साझा इच्छा के अनुरूप, तिमोर-लेस्ट के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हम पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने के लिए तिमोर-लेस्ट की सरकार और यहाँ के लोगों के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे।

इस प्रयास में, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम जल्द ही तिमोर-लेस्ट में एक दूतावास खोलने जा रहे हैं। इससे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए अधिक आसान Consular एवं अन्य सेवाएँ सुनिश्चित होंगी, और इससे तिमोर-लेस्ट की सरकार और लोगों के साथ बेहतर बातचीत संभव हो सकेगी।

राष्ट्रपति होर्ता और प्रधानमंत्री गुस्माओ के साथ आज हुई मेरी वार्ताओं में मुझे बताया गया, कि तिमोर-लेस्ट भी जल्द ही नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलेगा। राष्ट्रपति होर्ता और प्रधानमंत्री गुस्माओ दोनों ने भारत के साथ संबंधों को और गहन करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। हमने कृषि, capacity-building, स्वास्थ्य एवं pharmaceuticals तथा शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सहयोग के बारे में लाभप्रद चर्चा की।

भाइयों और बहनों,

आज का नया भारत सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास के दौर से गुजर रहा है। हम लगभग 3.5 trillion dollars की GDP के साथ, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। “Make in India" पहल ने हमें global

manufacturing hub बना दिया है। भारत ने अपनी infrastructure के विकास में भी निवेश किया है, जिससे पूरे देश में connectivity बढ़ी है।

हमने digitisation को अन्य देशों की अपेक्षा बहुत तेजी से अपनाया है। हमारे digital payment systems ने information technology में भारत की व्यापक विशेषज्ञता के सरल और प्रभावी उपयोग के लिए दुनिया भर में प्रशंसा प्राप्त की है।

भाइयों और बहनों,
आप space exploration में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों से भली-भांति परिचित हैं। आज हम विश्व के सबसे तकनीकी रूप से उन्नत देशों के साथ, कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

इसके अतिरिक्त, भारत सभी का कल्याण सुनिश्चित करने के समर्पित प्रयासों के साथ लोकतंत्र, समानता और समावेशिता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

जहां भारत ने जबरदस्त प्रगति की है, वहीं हमने अपनी वैश्विक उपस्थिति को भी मजबूत किया है। जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने 2023 में G-20 की अध्यक्षता की।

हमारी अध्यक्षता ऐतिहासिक रही, क्योंकि हम G20 मंचों पर Global South की आवाज़ को सामने लाने में सफल रहे, और इसके लिए भारत ने दो Voice of Global South Summits आयोजित किए। आपको यह जानकर खुशी होगी कि तिमोर-लेस्ट ने दोनों Summits में भाग लिया। भारत ने G20 की अपनी

अध्यक्षता के दौरान कई पहल की, जिनमें women-led development, Lifestyle for Environment (LiFe), और African Union को G20 में शामिल करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालना शामिल था। हमारी प्रत्येक पहल में developing countries के मुद्दों को विशेष महत्व दिया गया।

भाइयों और बहनों,

अब मैं भारतीय प्रवासियों की अमूल्य भूमिका का उल्लेख करना चाहती हूं। हमारे प्रवासी समुदाय की उपलब्धियाँ भारत के लिए बहुत गर्व का विषय रही हैं, और हम आपको 'living bridge' मानते हैं।

आप में से हर एक हमारे महान देश का राजदूत है, जहाँ भी आप जाते हैं, भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपने एक मजबूत work ethic और अनुशासन के माध्यम से, कई क्षेत्रों में खुद को प्रतिष्ठित किया है। आप अपने मेजबान देश के समाज में अच्छी तरह से घुलमिल गए हैं।

तिमोर-लेस्ट में भारतीय समुदाय छोटा है, लेकिन भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में सक्रिय और प्रभावी योगदान देता है। आप एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं, संस्कृतियों को जोड़ते हैं, और अन्य देशों में सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। हमारे लिए आपकी उपलब्धियां गर्व का विषय हैं, और हम यह मानते हैं कि आप तिमोर-लेस्ट के साथ भारत के संबंधों को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। मैं आप सभी से इस प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह करती हूं।

धन्यवाद,

जय हिन्द!

***